सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 85 | इंदौर, सोमवार 07 अक्टूबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# 'शिक्षा के विकास के साथ भ्रष्टाचार, आतंकवाद बढ़ रहा'

## संघ प्रचारक सुरेश सोनी बोले- अमेरिका जैसे देशों में बच्चे एक-दूसरे को गोली मार देते हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सर कार्यवाह सुरेश सोनी बोले- शिक्षा के विकास के साथ समस्याएं भी बढ़ रही है। दुनिया में सभी देश विकास चाहते हैं। उस विकास की यात्रा पर आगे बढ़ना है तो शिक्षित होना जरूरी है। शिक्षा की पद्धति दुनिया में चल रही है। तुलनात्मक रूप से विकास तो हो रहा है, तो समस्याएं भी बढ़ रही हैं।**

भोपाल के रवीन्द्र भवन में शिक्षा भूषण अखिल भारतीय सम्मान समारोह में सीएम डॉ. मोहन यादव, संघ के वरिष्ठ प्रचारक सुरेश सोनी, स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, राज्य सभा सांसद बालयोगी उमेश नाथ महाराज मौजूद बतौर अतिथि शामिल हुए। समारोह में प्रो. केके अग्रवाल, प्रो. रामचंद्र आर, प्रो. कुसुमलता केडिया को 'शिक्षा भूषण' सम्मान से सम्मानित किया।



### शिक्षा के साथ-साथ भ्रष्टाचार का भी विकास हो रहा

सुरेश सोनी ने कहा- शिक्षा का विकास हो रहा है तो साथ-साथ भ्रष्टाचार का भी विकास हो रहा है। शिक्षा के विकास के साथ जीवन मूल्यों का क्षरण हो रहा है। महिलाओं के प्रति व्यवहार, मानवीय संविधान की बात करें तो जो अच्छे संपन्न अमेरिका जैसे देश माने जाते हैं। वहां बच्चे ही एक दूसरे को गोली मार देते हैं। इसलिए सारी दुनिया में यह बात चल रही है कि शिक्षा, साक्षरता बढ़ रही है, सब कुछ हो रहा है लेकिन साथ-साथ आतंकवाद भी बढ़ रहा है। मूल्य क्षरण भी बढ़ रहा है। सामाजिक विखंडन भी बढ़ रहा है, विभिन्न मानव समूहों के बीच में संघर्ष भी बढ़ रहा है। कहीं ना कहीं मौलिक गड़बड़ी है, जब तक हम उसको ध्यान में रखकर कुछ नहीं करेंगे। इसीलिए एक समग्र शिक्षा के चिंतन को लेकर मंथन चल रहा है।

### शिक्षा के साथ मानवीय मूल्यों का भी विकास होः सोनी

सुरेश सोनी ने कहा- जो पहली विसंगति ध्यान में आ रही है कि बाहर के परिवेश का विकास हो रहा है, लेकिन मानव पिछड़ता जा रहा है। वास्तविक विकास तभी हो सकता है। जब हमारे आसपास के परिवेश का विकास हो। और साथ ही साथ मानव का भी विकास हो। मानव के जीवन मूल्यों का विकास हो। इस नाते से इसके बीच की जो विसंगति है, उसको पाटने की जरूरत है। यह अगर करना है तो सबसे पहले शिक्षा है क्या?, इसके संदर्भ में एक स्पष्टता बनना चाहिए। शिक्षा का मतलब टेक्नोलॉजी है? क्या इन्वेंशन है? क्या मनुष्य अधिक से अधिक अंकोपार्जन करने में सक्षम हो जाए, यही शिक्षा है क्या? या शिक्षा इससे कुछ अलग है? बहुत सी परिभाषाएं हैं। मैं उसमें नहीं जाना चाहता हूं।



### 99% माताएं बच्चे का जन्म होते ही कॉन्वेंट में भेजना चाहती हैंः उमेशनाथ

डॉ. उमेश नाथ महाराज ने कहा- हम आज की शिक्षा पद्धति की ओर जब देखते हैं तो कष्ट होता है। जिसे हम ना चाहते हुए भी सहन कर रहे हैं। हमारी प्राचीन परंपरा में शिक्षा व्यवस्था गुरुकुल में गुरुजी के हाथ में होती थी। आज हम गुरु परंपराओं से बहुत वंचित होते चले जा रहे हैं।

आज स्थिति ऐसी है कि जब कोई मातृ शक्ति गर्भवती होती है तो वह अपने गर्भस्थ बालक-बालिका के लिए सोचती है कि मेरे बच्चे का कब जन्म हो और वह थोड़ा सा पैदल चलने लगे तो मैं उसे इंग्लिश मीडियम स्कूल में भेजूं। 99% माताओं का यह प्रयास रहता है कि वह अपने बच्चे को कॉन्वेंट में भेजना चाहती हैं। लेकिन, उसके मन में यह कभी नहीं रहता है कि उसका बच्चे का जन्म हुआ है तो उसे मैं गुरु की शरण में भेजूं। यहीं से हमारे मानवीय जीवन का पथ बिगड़ जाता है। वह मानवीय जीवन का पथ लगातार बिगड़ते - बिगड़ते ऐसी स्थिति में चला जाता है कि हम पाश्चात्य सभ्यताओं में चले जाते हैं।

### 'कॉन्वेंट की व्यवस्था को नकारात्मक स्थिति में लाकर खड़ा करने की भावना'

उमेश नाथ महाराज ने कहा- नवरात्रि में मेरे 9 दिन के मौन व्रत चलते हैं। मैंने पिछले 50 सालों में यह संकल्प ले रखा है। मैं 9 दिन उपासना करता हूं। इस देश में लगभग 25 लाख संन्यासी है और वह संन्यासी मात्र केवल संन्यास धारण करके अपने कल्याण और बाकी व्यवस्थाओं में उलझ जाते हैं और सामाजिक सुधार का काम नहीं कर पाते। ऐसी स्थिति में निरंतर समाज के साथ खड़े होकर समाज का परिवेश कैसे बदलें और समाज आध्यात्मिक तरीके से जिए। पाश्चात्य सभ्यता को खत्म करने के साथ ही कॉन्वेंट की व्यवस्था नकारात्मक स्थिति में लाकर खड़ा हो ऐसी मेरी भावना रहती है।

### सीएम बोले- गुरुजी और शिक्षकों में अंतर चुनौती पूर्ण है

कार्यक्रम में सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा- गुरु पूर्णिमा पर हमेशा यह प्रश्न आता है। गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए या नहीं? गुरु और शिक्षक में जो अंतर है, यह बड़ा चुनौती पूर्ण मामला है। जिसको उठाकर मैंने गलती कर दी है। लेकिन महाराज की उस बात का उत्तर ढूंढ रहा था, महाराज ने बताया कि मैं अपने धाम में रहकर अलग धारा में रहता था। हमने कहा महाराज आपने घर छोड़ा, संसार के सुधार के लिए आप इसी मार्ग पर चलो, मुझे लगता है कि नवरात्रि में आज हमारे बीच में दो शब्द बोलना यह इस मार्ग पर चलने का उदाहरण है। जब-जब इस देश पर प्रश्न खड़े हुए कुछ प्रश्नों की तरफ हम देखेंगे तो ध्यान में आएगा रामायण काल में गुरु वशिष्ठ अगर दशरथ जी के घर नहीं जाते और राम लक्ष्मण को उठाकर जंगल में नहीं ले जाते तो हम क्या कल्पना कर सकते थे कि रामायण का ऐसा रूप हो सकता था।

# महाकाल मंदिर के प्रसाद पैकेट से ओम-शिखर की तस्वीर हटेगी

**मंदिर प्रबंध समिति ने लिया निर्णय, एमपी हाईकोर्ट ने दिया था 3 माह का समय**

**प्रतिदिन बनते है 50 से 60 क्विंटल लड्डू प्रसाद**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन,निप्र।** भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर के लड्डू प्रसाद पैकेट पर मंदिर के शिखर और ओम की तस्वीर नहीं होगी। मंदिर प्रबंध समिति ने प्रसाद के पैकेट की डिजाइन बदलने के बाद नए पैकेट तैयार कराने का निर्णय लिया लिया है। वर्तमान प्रसाद पैकेट पर महाकाल मंदिर के शिखर का फोटो होने पर आपत्ति ली जा रही थी। रविवार को मंदिर समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने इस वर्ष 24 अप्रैल को महाकाल मंदिर प्रबंध समिति को 90 दिन में महाकाल मंदिर के प्रसाद के डिब्बे से शिखर व ओम का फोटो आदेश दिए थे। जिस पर मंदिर समिति ने कोर्ट से मोहलत मांगी थी और निवेदन करते हुए कहा था कि पुराने पैकेट का स्टॉक खत्म हो जाने दीजिए,नए पैकेट से हटवा देंगे।

### प्रसादी पैकेट पर ओम छापना गलत, हाईकोर्ट में याचिका

19 अप्रैल 2024 को महंत सुखदेवानंद ब्रह्मचारी,गुरु श्रीमहंत योगानंद,ब्रह्मचारी श्री शंभु पंच अग्नि अखाड़ा इंदौर और पं.शरद कुमार मिश्र,गुरु श्री स्वामी राधाकांताचार्य महाराज, श्री दुर्गाशक्ति पीठ ने इंदौर बेंच में याचिका दायर की थी। इसमें महाकाल मंदिर के लड्डू प्रसादी पैकेट पर महाकाल मंदिर,ओंकारेश्वर और ओम छापने को गलत बताकर इसे हटवाने की मांग की गई थी।

### याचिकाकर्ता बोले-खाली पैकेट को डस्टबीन में फेंका जाता है

याचिकाकर्ता के वकील की ओर से कोर्ट में दलील दी गई कि महाकाल मंदिर प्रबंध समिति लड्डू प्रसाद वितरण करती है। इसके बॉक्स पर महाकाल मंदिर का शिखर,जिसमें ओम और शिखर के बीच में नागचंद्रेश्वर मंदिर का फोटो लगा है। प्रसाद लेने के बाद लोग खाली पैकेट को डस्टबीन में फेंक देते हैं। अयोध्या में लाखों डिब्बे भेजे गए,जो बाद में कूड़ेदान में फेंक दिए गए। धर्म के हिसाब से यह अनुचित है। कोर्ट में तर्क दिया गया कि माता वैष्णो देवी मंदिर और अमृतसर में गोल्डन टैम्पल के प्रसाद में भी कोई चित्र नहीं रहता है। मंदिर अधिनियम में भी कहीं नहीं लिखा कि डिब्बे को कैसे रिसाइकिल करेंगे।

**ड्रग्स की फैक्ट्री का खुलासा**

# गुजरात एटीएस और एनसीबी ने जब्त की 1814 करोड़ की एमडी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल,(निप्र)।** राजधानी भोपाल के बगरोदा स्थित औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री से गुजरात एटीएस और दिल्ली स्थित नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की संयुक्त टीम ने कई सौ करोड़ की ड्रग्स बरामद की है। पुलिस ने जिस फैक्ट्री से ड्रग्स बरामद की है। वहां से दो लोगों को हिरासत में भी लिया है। इस पूरे मामले में भोपाल पुलिस को सूचना तक नहीं दी गई। भोपाल पुलिस आयुक्त अब कार्रवाई के संबंध में जानकारी एकत्रित करने की बात कह रहे हैं। जानकारी के अनुसार कटारा हिल्स थाना क्षेत्र के जंगल से सटने वाले क्षेत्र बगरोदा में नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया गया है। उसी औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में रविवार को कार्रवाई करते हुए गुजराज एटीएस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारियों ने करीब 1800 करोड़ की ड्रग्स बरामद की है। छापामार कार्रवाई चल रही है। कल रात से यह टीम भोपाल में डेरा डाले हुए हैं। दिल्ली पुलिस ने चार दिन पहले दिल्ली में 5600 करोड़ की ड्रग्स बरामद की है। इस मामले का मास्टर माइंड दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का पूर्व आईटी सेल अध्यक्ष तुषार गोयल बताया गया है। वहीं कुछ दिन पहले कई सौ करोड़ की ड्रग्स गुजरात से भी बरामद की गई है। इस कार्रवाई से उक्त दोनों पूर्व की ड्रग्स के खिलाफ की गई कार्रवाई से जोड़कर देखा जा रहा है।

# प्रवीण कक्कड़ की पुस्तक दंड से न्याय तक का विमोचन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश की चर्चित शख्सियतों में से एक प्रवीण कक्कड़ की बहुप्रचारित और बहुप्रतिक्षित पुस्तक दंड से न्याय तक का विमोचन मध्यप्रदेश पुलिस के पूर्व पुलिस महानिदेशक एस के दास, सीबीआई के स्पेशल प्रॉसिक्यूटर मनोज द्विवेदी एवं साहित्यकार पंकज सुबीर के हाथों संपन्न हुआ। विमाचन समारोह में पुलिस, पत्रकार, साहित्यकार और इंदौर समेत मध्यप्रदेश के कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इंदौर की होटल श्रीमाया रेजिडेंसी में संपन्न आयोजन में पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री दास ने कहा कि समाज को यह जानना जरूरी है कि कानून क्या है उनके अधिकार क्या है और अपने अधिकारों का उपयोग व कैसे कर सकते हैं। यह पुस्तक बहुत ही सही अवसर पर आई है। आज कानून में परिवर्तन को समझने की पूरे समाज को जरूरत है। अंग्रेजों के जमाने में जैसा आमजन को पुलिस से डर लगता था वह काफी हद तक खत्म हुआ है। पूरी तरह खत्म होने की दिशा में यह पुस्तक सार्थक कड़ी होने का कार्य करेगी। विशेष अतिथि मनोज व्दिवेदी ने कहा की कानून आमजन को सोशल जस्टिस दिलाने के लिए है।

# 500 कन्याओं का पाद पूजन किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शिवाय मातृशक्ति संगठन द्वारा पवित्र नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर पुरुषोत्तम आश्रम स्वामीजी (दंडी सन्यासी) के मार्गदर्शन में 500 कन्याओं के पाद पूजन का आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम के बाद कन्याओं के लिए विशेष भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी और श्रद्धालुओं ने भाग लियाइस पुण्य आयोजन में प्रमुख रूप से राजेश तेजावत, सुधाकर दुबे, वरुणसातोड़िया, विनय कोंडसकर, आशीष दुबे, कमल खन्ना, मिलिंद डार्प, रवि वर्मा सहित समिति के सभी सदस्य और स्थानीय मातृशक्ति उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम का आयोजन हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान के सहयोग से किया गया था, और इसका संयोजन शिवानी संजय अड़सपुरकर द्वारा किया गया था। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण था, बल्कि समाज में कन्याओं की शक्ति और सम्मान के प्रति जागरूकता भी फैलाता है।

# पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी ने दिल्ली में दी प्रस्तुति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग की नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर की मिटिंग हुई। इसमें विद्युत वितरण व्यवस्था सुधार, चुनौतियों का सामना करने, क्षतिपूर्ति समय पर ऑटोमेटिक रूप से देने , बिलिंग साफ्टवेयर, विद्युत क्रय लागत सीमित रखने, उपभोक्ता सुविधाओं, लॉइन लॉस घटाने इत्यादि पर समूह चर्चा में पश्चिम क्षेत्र ने कई राज्यों को जानकारी सांझा की। मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी में किए जा रहे प्रयासों की राज्यों ने सराहना भी की। इंदौर से मुख्य रूप से मुख्य अभियंता श्री रवि मिश्रा, अधीक्षण यंत्री सूचना प्रौद्योगिकी श्री सुनील पाटीदी, श्री विभोर पाटीदार, श्री आशीष तिवारी, श्री नवीन गुप्ता नई दिल्ली गए थे। इंदौर कंपनी की ओर से अभा मंच पर दी गई प्रस्तुति की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान आदि ने प्रशंसा की व कंपनी हित में श्रेष्ठ कार्य का आह्वान किया हैं।

# इंदौर की पहचान बनी 4 संस्थाओं के प्रमुखों का सम्मान

## समाज सेवा के लिए अपने समय को लगाने वाले आदर्श हैं : पटेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट एवं श्री विद्यासागर स्कूल के द्वारा आज शहर की चार प्रमुख पुरातन संस्थाओं के प्रमुख जनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में अभ्यास मंडल, श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति, सेवा सुरभि और डेवलपमेंट फाउंडेशन के प्रमुख पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने कहा कि अपना समय और श्रम लगाने वाले यह लोग ही समाज के आदर्श हैं । यह आदर्श व्यक्तित्व हमारे लिए और हमारे समाज के रहे हैं। इनका सम्मान कर हम खुद को गोरांवित महसूस कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में अभ्यास मंडल के शरद बुलाख, संतोष व्यास और शफी मोहम्मद शेख, मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति से अरविंद जवलेकर, पुष्पेंद्र दुबे और हरे राम बाजपेई, सेवा सुरभि से ओम नरेडा, मोहन अग्रवाल, अनिल गोयल और अनिल मंगल, डेवलपमेंट फाउंडेशन से आलोक खरे, श्याम कुमार पांडे और जगदीश डगावकर का सम्मान किया गया । इसके साथ ही महात्मा गांधी के सपने को साकार करने के लिए जीवनशाला का संचालन करने वाले श्वेता गुप्ता और समन्वय गुप्ता को भी सम्मानित किया गया ।

# मां की आराधना करते हुए 151 जोड़ों ने दी हवन कुंड में आहुतियां, सात संकल्प भी लिए

## श्री रामाधार साधक न्यास के तत्वावधान में आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मां की भक्ति का पर्व नवरात्रि हर कोई मना रहा है। इसी कड़ी में श्री रामाधार साधक न्यास के तत्वावधान में मां दुर्गा पूजन व हवन का अनुठा आयोजन रविवार को शहर में आयोजित किया गया। जेलरोड स्थित गणेश मंडल में हुए इस आयोजन में 151 से जोड़ों ने अपने-अपने परिवार के साथ मां की आराधना करते हुए हवन कुंड में आहुतियां समर्पित की। इस दौरान सभी ने सात संकल्प लेते हुए 2047 का स्वर्णिम भारत बनाने में जुट जाएं।



आयोजन की शुरूआत सुबह 11 बजे न्यास की संरक्षक व पूर्व मंत्री एवं विधायक सुश्री उषा ठाकुर की उपस्थित में मां दुर्गा की आराधना के साथ हुई। 151 जोड़ों ने अपने-अपने परिवार के साथ मां की आराधना में दुर्गा सप्तशती, दुर्गा द्वत्रिंश नाम, महिषासुर मर्दनी, हनुमान चालीसा का पाठ कर हवन कुंड में आहुतिया दी। इस दौरान हवन कुंड में डाली गई आहुति से आयोजन स्थल खुशबू से महक उठा तो मंत्रोच्चार की ध्वनि माहौल को एक अलग ही अनुभूति दे रही थी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मंत्रमय परिवार, शंखमय परिवार, शास्त्रमय परिवार, प्रकृतिमय परिवार, पॉलीथिन मुक्त परिवार, नशा मुक्त परिवार यह सात संकल्प लिए।

दुर्गा पूजा से हमें शक्ति को सहेजने और बुराइयों के नाश का संदेश मिलता है झ विधायक ठाकुर इस अवसर पर विधायक सुश्री ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्रि आत्म संयमी साधकों को आध्यात्मिक प्रेरणा देने की शक्ति का पर्व है। ऋग्वेद के दसवें मंडल में एक पूरा सूक्त शक्ति की आराधना पर आधारित है। दुर्गा सप्तशती भी अनादि है। इसमें वर्णित मधुकैटभ, महिषासुर और शुंभ-निशुंभ जैसी आसुरी शक्तियां महामोह, महामाया, महाअविद्या, अन्याय, आतंक, शोषण, अनाचार, विध्अवंस और सर्वनाश की प्रतीक हैं। यदि मानसिक विकारों, चिंताओं और संकटों से मुक्त सुखद, यशस्वी, आनंदमय स्वस्थ जीवन चाहते हैं तो हमें मां दुर्गा की आराधना निर्मल भक्ति भाव से सुनिश्चित करना चाहिए। दुर्गा पूजा से हमें शक्ति को सहेजने और बुराइयों के नाश का संदेश मिलता है। आज यहां उपस्थित परिवारों ने मां दुर्गा की स्तुति कर सात संकल्प के साथ आहुतियां दी है। इस तरह के आयोजन हमारी नवजवान पीढ़ी को समानत धर्म की पंरपराओं और वैदिक और धार्मिक महत्व से जोड़कर रखते हैं। आयोजन में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। मुख्य वक्ता सुखदा भिसे ने कुटुम्ब परिवार पर उद्बोधन दिया । सुनीता तथ्थे जी ने सस्वर पाठ किया । शेलेन्द्र तिवारी , शिव कोल ने पूजन व्यवस्था देखी।

# माताजी की पालकी एवं ध्वज-यात्रा आज

इन्दौर। पूर्व पार्षद राधे बोरासी ने बताया की प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जयभोले भक्त मण्डल बडी ग्वाल टोली के द्वारा नवरात्रि महापर्व पर सोमवार को माताजी की पालकी यात्रा एवं ध्वज-यात्रा गीता भवन मंदिर से पूजा आर्चना के पश्चात दोपहर 3:30 बजे प्रारंभ होगी। पालकी यात्रा गीता भवन से बड़ी ग्वाल टोली मेन रोड, गवली मोहल्ला, ग्वाल चौक मित्र नगर, विनोबा नगर मेनरोड, शासकीय विघालय विनोबा नगर से होती हुई श्रीराम मंदिर चौराहा बडी ग्वाल टोली पर महाआरती एवं प्रसाद वितरण के पश्चात समाप्त होगी। पालकी यात्रा मे क्षेत्र के गणमान्य नागरिको सहित धर्मपरायण लोग माताजी की पालकी एवं डीजे, ढोलक ध्वज लेकर चल रहे लोगो सहित गरबा मण्डल की बालिकाये माँ शीतला गरबा मण्डल आदि प्रमुख रुप से सम्मिलित रहेंगे।

## सेवानिवृत्त निगम उपायुक्त यादव का सम्मान

इंदौर। यादव समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा नगर निगम सहायक आयुक्त के पद से सेवानिवृत होने पर राजेंद्र यादव का सम्मान किया गया। यादव समाज कोर कमेटी के अध्यक्ष गुलशन यादव, सचिव चैनसिंह यादव, संगठन मंत्री अमरसिंह यादव, प्रवक्ता राजेश यादव, संतोष यादव, विशाल यादव, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक एक के प्रभारी राजेश यादव, वीरसिंह यादव आदि ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (कर्मचारी संघ कार्यालय) पर राजेंद्र यादव का अभिनंदन किया।

# स्वास्थ्य जागरूकता पर एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। केयर सीएचएल अस्पताल ने आज एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम ह्यस्वास्थ्य जागरूकता पर एक संवादह्न का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना और इमरजेंसी स्थिति के बारे में जानकारी देना था। यह आयोजन अस्पताल के ऑडिटोरियम, एलआइजी स्क्वेयर पर हुआ और इसमें जिले के सभी सरपंचों और सचिवों ने भाग लिया।**

प्रमुख डॉक्टरों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर विशेष चचाएं की गईं। सरपंचों और सचिवों ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी साझा की और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। यह चर्चा स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है।

अस्पताल के निदेशक मनीष गुप्ता ने बताया कि केयर सीएचएल अस्पताल, इंदौर का एक प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है, जो उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। अस्पताल का उद्देश्य न केवल रोगों का उपचार करना है, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाकर लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना भी है। इस कार्यक्रम के माध्यम से, अस्पताल ने एक बार फिर अपने समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्या है।इस श्रृंखला में केयर सीएचएल के वरिष्ठ चिकित्सकों ने अपने-अपने विभाग के बारे में सभी को अवगत कराया ताकि सरपंच व सचिव द्वारा ग्रामीण लोगों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य लाभ पहुंचा सके। कार्यक्रम में हार्ट सर्जन डॉ. मनीष पोरवाल, ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सगीर अहमद, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण अग्रवाल, पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र काले, यूरो सर्जन डॉ. विपिन शर्मा, फिजिशियन डॉ. निखलेश जैन मौजूद रहे।

# दस हजार लोगों ने एक साथ किया गरबा

## भाई भाई फेम् अरविंद वेगड़ा ने टी जी एल गरबा महोत्सव में मचायी धूम




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ठेठ गुजराती थीम पर हो रहे इंदौर में भव्य टी जी एल फ्री स्टाइल फ़ैमिली गरबा महोत्सव 2024 में रविवार को भारी भीड़ उमड़ी । हजारों की संख्या में प्रतिभागियों ने अपने परिवार के साथ आकर गरबा खेला । यह आयोजन इंदौर ही नही प्रदेश का सबसे बड़ा आयोजन बन गया है**

कार्यक्रम के आयोजक मयूर भाई कुम्भानी , धर्मेश जागीरदार ने बताया कि वेलवेट गार्डन बायपास पर आयोजित इस भव्य गरबा महोत्सव मां की भक्ति का जबरदस्त रंग चढ़ा हुआ है । गरबे का चरम रविवार रात्रि को देखने को मिला जब एक साथ 10 हजार से ज्यादा लोगो ने परिवार के साथ आकर गरबा किया । भाई भाई फेम् अरविंद वेगड़ा के म्यूजिक पर कोई भी खुद को थिरकने से नही रोक पाया। जैसे ही उन्होंने भाई भाई गीत गाया हर कोई झूम उठा । पूरा आयेजन स्थल गरबा करने वालो से पट गया था ।

कार्यक्रम के दौरान, 7 अक्टूबर को मैथली ठाकुर शिरकत करेंगी। वही म्यूजिकल ग्रुप में खुशबु पांचाल अपने दल के साथ प्रस्तुति देंगी, 8 को जहान्वी श्रीमनकर, 9 को मीत जैन, 10 को लालित्य मूनशॉ व 11 अक्टूबर को यश बारोट की टीम परफॉर्म करेंगी ।

# मोबाइल छीनकर भाग रहे बदमाश गिरे

### स्टूडेंट ने ऑटो रिक्शा से पीछा कर दो को पकड़ा, एक साथी फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रीजनल पार्क में रविवार देर रात स्कूटर सवार तीन बदमाशों ने स्टूडेंट से मोबाइल लूट की वारदात की। आरोपी भागे तो स्टूडेंट ने ऑटो रिक्शा से उनका पीछा किया। कुछ दूर जाकर आरोपियों की गाड़ी स्लिप हो गई। इस दौरान बदमाशों ने देसी कट्?टा निकाल लिया। लेकिन भीड़ ने दो आरोपियों को पकडक़र पीट दिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। एक आरोपी मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश जारी है।**

भंवरकुंआ टीआई नीरज बिरथरे से मिली जानकारी के मुताबिक ईश्वर नाम के स्टूडेंट की शिकायत पर मोहम्मद अली, निवासी गफूर खान की बजरिया, उवेश पुत्र अकील खान, निवासी संगम नगर और दाऊद निवासी खजराना पर लूट का केस दर्ज किया है।

ईश्वर ने बताया कि रात में उसे परिवार के साथ देवास स्थित माता के दर्शन के लिए जाना था। वह चोइथराम मंडी के पास चाय की दुकान पर मोबाइल पर बात कर रहा था। तभी एक स्कूटर पर तीन लडक़े आए। उन्होंने मोबाइल पर झपट्टा मारा और गाड़ी से भंवरकुंआ की तरफ भागे। ईश्वर चिल्लाया तो उसका भाई उमेश भागते हुए पहुंचा। तब ईश्वर ने बाइक वाले एक राहगीर से और उमेश ने ऑटो वाले से मदद मांगी। वह चिल्लाते हुए आरोपियों का पीछा कर रहे थे। रास्ते में संतुलन बिगडऩे से आरोपी वाहन सहित गिर गए। इस दौरान अली और उवेश को लोगों ने पकड़ लिया। तब एक बदमाश ने देसी कट्टा निकाला। लेकिन भीड़ ने दोनों को पीट दिया। तीसरा आरोपी दाऊद मौके से भाग गया। आरोपियों को हथियार सहित पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

## 35 लाख के माल का गबन, ड्राइवर पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ लाखों रुपए के माल के गबन का मामला दर्ज किया है। फैक्ट्री मालिक ने पुलिस को बताया कि माल सतना और नरसिंहपुर के लिए रवाना किया था जो नहीं पहुंचा।**

बाणगंगा थाने में अंकित सेकसरिया निवासी विजयनगर शांति निकेतन की शिकायत पर ड्राइवर गणेश प्रसाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अंकित ने पुलिस को बताया कि उनकी सांवेर रोड एफ सेक्टर में क्वालिटी इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स नाम से फैक्ट्री है। उनकी फैक्ट्री से सप्ताह भर पहले ड्राइवर गणेश प्रसाद एक ट्रक लेकर आया था और सतना और नरसिंहपुर का माल लोड करके ले गया था। माल की कीमत लगभग 35 लाख रुपए है। जिसकी अलग-अलग बिल्टी बनाई गई थी। सतना वाला माल 2 तारीख को जबकि नरसिंहपुर वाला माल 4 तारीख को पहुंचना था। बावजूद उसके आज तक माल नहीं पहुंचा। आरोपी ड्राइवर के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया गया है और उसकी तलाश की जा रही है।

## देखकर हंसने की बात पर विवाद, लड़कों पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देखकर हंसने की बात को लेकर विवाद हो गया और बदमाशों ने गरबा देखने के लिए जा रहे लडक़ों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घटना बाणगंगा इलाके की है। पुलिस ने बताया कि विक्की कुशवाहा की शिकायत पर आरोपी अमन योगी, बाबू योगी और रानू काला तीनों निवासी सुगंधा नगर के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। विक्की ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त हिमांशु और कपिल के साथ गरबा देखने के लिए जा रहा था। आपस में हंसी मजाक कर रहे थे, तभी तीनों आरोपी बजरंगपुर आनंद बाग में मिले । उन्होंने यह कहकर नाराजगी जताई कि उन्हें देखकर क्यों हंस रहे हो। विक्की और उसके दोस्तों ने कहा कि वह आपस में हंसी मजाक कर रहे हैं तुम्हें देखकर नहीं हंस रहे। इसी बात को लेकर तीनों पर नाराज हो गए उन्होंने बेल्ट निकाले और विक्की और उसके दोस्तों पर टूट पड़े उन्हें जमकर मारा पीटा। पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## विराट बन दोस्ती करने वाला नदीम पकड़ाया

### डेढ़ साल पहले इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती, घर पर मिलने आया और करने लगा छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूड़िया इलाके में हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने वर्ग विशेष के युवक को पकड़ा है। उसने नाम और पहचान छुपा कर युवती से दोस्ती की। फिर उससे छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने लगा। युवती से इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती होने के बाद महाराष्ट्र का रहने वाला आरोपी कुछ दिन पहले ही इंदौर आया था। आरोपी के खिलाफ देर रात छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया गया है।**

टीआई तारेश सोनी से मिली जानकारी के मुताबिक 18 साल की युवती की शिकायत पर पुलिस ने विराट उर्फ नदीम पुत्र सागीर खान, निवासी बडग़ांव, पुणे, महाराष्ट्र के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि वह निजी कंपनी में नौकरी करती है। नौकरी के चलते डेढ़ साल से इंदौर में रह रही है। उसका संदीप कुमार नाम का एक इंस्टाग्राम फ्रैंड है। दोनों की डेढ़ साल से जान-पहचान है। संदीप ने ही आरोपी विराट से भी करीब डेढ़ साल पहले युवती की दोस्ती करवाई थी। विराट और संदीप 10-12 दिन पहले इंदौर आए। उन्होंने युवती से कहा कि घर के आसपास ही कोई कमरा दिलवा दो। हम यहां पर रहकर लोहे के स्क्रैप का काम करेंगे।

युवती ने इसके बाद विराट को स्कीम नंबर 78 में सुनील पाटिल के यहां किराए पर कमरा दिला दिया। रेंट एग्रीमेंट के लिए जब डॉक्यूमेंट मांगे तो वह आनाकानी करने लगा। रविवार दोपहर वह घर पर थी। तब विराट घर आया। उसने अकेला देखा तो छेड़छाड़ करने लगा। इसके बाद उसने कहा कि वह उसका नाम पूछती है तो उसका नाम नदीम है। तुम मेरे साथ रहो, तुम्हें खुश रखूंगा। इसके बाद चिल्लाने पर आसपास के लोग आ गए। इस दौरान विराट उर्फ नदीम मौके से भाग गया। बाद में हिंदू संगठन के नेता मानसिंह परमार और अन्य लोगों को जानकारी दी। विराट उर्फ नदीम को उसके घर के पास से पकडक़र थाने ले गए।

## गैस टंकी लीकेज से लगी आग पुलिस जवानों ने बुझाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित एक अपार्टमेंट में गैस सिलेंडर लीकेज होने से आग लग गई। थाने के जवानों ने जान जोखिम में डालकर आग बुझाई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सहायक पुलिस आयुक्त रूबीना मिजवानी ने बताया कि आग धनवंतरी नगर के मानसरोवर अपार्टमेंट में रहने वाले भारत पिता मुकेश के घर में लगी थी। इस अपार्टमेंट में करीब 100 लोगों का परिवार रहता है। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड का अमला और थाने के जवान पहुंच गए थे।आग विकराल रूप लेती इसके पहले ही आरक्षक संदीप पांचाल और जितेंद्र कनेल ने परिजनों को घर से बाहर निकाला।

## राजीनामा नहीं किया तो युवती को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक युवती के साथ चार बदमाशों ने मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी है। आरोपी पुराने मामले में राजनामे के लिए वह दबाव बना रहे थे। युवती तेजपुर गडबड़ी क्षेत्र की रहने वाली है। उसकी शिकायत पर राजेंद्र नगर पुलिस ने राजेश निवासी अहिर खेडी दिग्विजय मल्टी, संजय उर्फ कुतरी, राजेश उर्फ तोता और राजा उर्फ आंसू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि केसरबाग ब्रिज के नजदीक आरोपी उससे मिले। उसका रास्ता रोक कर पुराने विवाद में राजीनामा करने और बयान बदलने के लिए धमकाया। पीडिता ने मना किया तो आरोपियों ने झूमा झटकी कर धमकी दी कि यदि राजीनामा नहीं किया तो निपटा देंगे। पीडिता ने शोर मचाया तो आरोपी वहां से भाग निकले।

## गरबा पंडाल में सिगरेट का प्रचार, हुआ हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शनिवार रात हिंदूवादियों ने हंगामा कर दिया। हिंदूवादियों को एक गरबा पंडाल में सिगरेट कंपनी के द्वारा टेंट लगाकर सिगरेट का प्रचार करने और गरबा कर रहे नवयुवकों और युवतियों को फ्री में सिगरेट पिलाने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंचे हिंदूवादियों ने टेंट पर बैठे कर्मचारी और आयोजक की पिटाई कर दी।



विश्व हिन्दू परिषद के विभाग समरसता प्रमुख तनू शर्मा को जानकारी लगी मिली कि निपानिया स्थित होटल जॉर्डन में गरबे के पंडाल के पास में एक सिगरेट कंपनी ने अपना टेंट लगा रखा है। वह अपनी कंपनी और सिगरेट का प्रचार कर नवयुवक और गरबा करने वाली बालिकाओं को फ्री में सिगरेट पीला रहे हैं। वहीं गरबा करने आ रहे सभी लोगों को फ्री में सिगरेट दे रहे है। सूचना के बाद परिषद के सदस्यों ने आयोजक अंशुल गुप्ता को फोन पर गरबा में सिगरेट पिलाने की दुकान बंद करने को कहा जिस पर आयोजक गुप्ता ने कहा कि वह कंपनी से बात करे। इसके बाद बड़ी संख्या में पहुंचे बजरंगियों ने हंगामा करते हुए कंपनी का प्रचार कर रहे आयोजक और उनके कर्मचारियों की पटाई कर दी। वहीं गरबा पंडाल से 2 मुस्लिम युवकों को पकडक़र पुलिस के सुपुर्द किया।

## बढ़ता ही जा रहा डेंगू का प्रकोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सेंट्रल जेल इन्दौर सहित शहर के 9 इलाकों में डेंगू बुखार के 9 नए मरीज सामने आए हैं। इन मरीजों में 4 साल के मासूम बच्चे से लेकर 48 साल तक के मरीज शामिल है। महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज माइक्रो लैब से डेंगू बुखार पीड़ितों की रिपोर्ट मिलते ही कल इन्दौर जिले में डेंगू बुखार पीड़ितों की संख्या 400 के आंकड़े को पार गई है। मलेरिया विभाग के अनुसार कल 9 मरीजों की ब्लड रिपोर्ट मिलने के बाद इस साल डेंगू पीड़ितों की संख्या कल तक 405 हो गई है। कल जो नए मरीज मिले है, उनमें इन्दौर निवासी 4 वर्षीय अनमोल सहित 4 नाबालिग भी शामिल हैं। अन्य 3 नबालिग मरीजों में ट्रैजर विहार निवासी सात वर्षीय अवि, सेलटैक्स कालोनी निवासी 11 वर्षीय बेबी नूपुर और नालंदा परिसर निवासी 14 वर्षीय अर्पिता शामिल है। मलेरिया विभाग के रिकार्ड के अनुसार सेंट्रल जेल, एबी रोड एक्सिस बैंक के पीछे, जॉय बिल्डर्स कॉलोनी ओल्ड पलासिया, बाबूल नगर पालदा, नालंदा परिसर केसरबाग रोड, सेल टैक्स कॉलोनी गुमास्ता नगर, भंवरकुआं, ट्रैजर विहार कॉलोनी सहित वात्सल्य नगर इन्दौर, इन इलाकों में 9 नए डेंगू पीड़ित मिले हैं।

## घर से पकड़ाया तड़ीपार बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जिलाबदर किए जाने के बाद भी तड़ीपार बदमाश आदेश का उल्लंघन करते हुए क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि वह घर पर है तो कार्रवाई करते हुए धरदबोचा। एमआईजी पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम आकाश पिता सूरज पाल निवासी सोमनाथ की नई चाल है। आरोपी के अपराधी रिकॉर्ड के चलते उसे जिला बदर किया गया था। बावजूद उसके वह घर पर ही रहने लगा था। आरोपी पर राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# भोपाल-इंदौर समेत आधे प्रदेश से मानसून विदा

## पूर्वी हिस्से से 10 अक्टूबर तक लौटेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल ,(एजेंसी)। प्रदेश के आधे हिस्से यानी भोपाल-इंदौर समेत 28 जिलों से मानसून की विदाई हो गई है। ये सभी जिले पश्चिमी हिस्से के हैं। इससे यहां ठंड की दस्तक देने तक सूरज के तेवर तीखे रहेंगे। वहीं, पूर्वी हिस्से से 10 अक्टूबर तक मानसून लौटेगा। ऐसे में कुछ जिलों में बूंदाबांदी होने का अनुमान है।**

मौसम विभाग के अनुसार, 4 अक्टूबर को बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) सक्रिय हो गया है। वहीं, साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम भी एक्टिव है। इस वजह से पूर्वी हिस्से में हल्की बौछारें गिर रही हैं। 5-8 अक्टूबर को मंडला समेत अन्य जिलों में बूंदाबांदी हुई थी। दूसरी ओर, पश्चिमी हिस्से में गर्मी है। ऐसा ही मौसम अगले चार से पांच दिन तक और बना रहेगा। लो प्रेशर एरिया सिस्टम के लौटने के बाद पूर्वी हिस्से से भी मानसून विदाई ले लेगा।

### कब, किन जिलों से विदा हो चुका मानसून

**2 अक्टूबर:** ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी और श्योपुर।

**5 अक्टूबर :** नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, आगर, शाजापुर, भोपाल, सीहोर, विदिशा, रायसेन, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, इंदौर, खरगोन, खंडवा, हरदा, नर्मदापुरम, सागर, दमोह, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना जिले।

### खजुराहो में तीसरे दिन भी 36 डिग्री टेम्प्रेचर

मानसून के लौटने से प्रदेश के कई जिलों में गर्मी का असर बढ़ा है। शनिवार को छतरपुर जिले के खजुराहो में पारा 36.8 डिग्री सेल्सियस रहा। लगातार तीसरे दिन पारा 36 डिग्री के पार रहा है। इसी तरह गुना में 35.6 डिग्री, दमोह में 35.4 डिग्री रहा। इससे अक्टूबर में मार्च-अप्रैल जैसे मौसम का अहसास हुआ।

### इन जिलों में बूंदाबांदी के आसार

पूर्वी हिस्से में सिस्टम की एक्टिविटी होने से अगले तीन-चार दिन तक मंडला, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, डिंडौरी और अनूपपुर समेत अन्य जिलों में बूंदाबांदी और गरज-चमक की स्थिति बन सकती है। रविवार के लिए पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने का अनुमान है। मानसून के लौटने से प्रदेश के कई जिलों में गर्मी का असर बढ़ा है। शनिवार को छतरपुर जिले के खजुराहो में पारा 36.8 डिग्री सेल्सियस रहा। लगातार तीसरे दिन पारा 36 डिग्री के पार रहा है। इसी तरह गुना में 35.6 डिग्री, दमोह में 35.4 डिग्री रहा। इससे अक्टूबर में मार्च-अप्रैल जैसे मौसम का अहसास हुआ।

**2 अक्टूबर:** ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी और श्योपुर।

**5 अक्टूबर :** नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, आगर, शाजापुर, भोपाल, सीहोर, विदिशा, रायसेन, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, इंदौर, खरगोन, खंडवा, हरदा, नर्मदापुरम, सागर, दमोह, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना जिले।

### नवरात्रि-दशहरे तक ऐसा ही मौसम

पिछले 2 साल से नवरात्रि और दशहरे पर बारिश हो रही है, लेकिन इस बार ऐसा होने का अनुमान नहीं है। 10 अक्टूबर तक ज्यादातर जिलों से मानसून लौट जाएगा। सबसे आखिरी में पूर्वी हिस्से यानी- जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग से मानसून विदा होगा।

### 20 अक्टूबर से बढ़ेगी ठंडक

मौसम विभाग के अनुसार, 20 अक्टूबर तक प्रदेश में ठंडक बढ़ने का अनुमान है। रात में पारा 20 डिग्री के नीचे पहुंच सकता है। हालांकि, दिन में तापमान 33-34 डिग्री के बीच ही रहेगा। अक्टूबर के आखिरी में दिन के तापमान में भी गिरावट होने लगेगी।

### इस बार मंडला में सबसे ज्यादा बारिश

प्रदेश में इस साल 44.1 इंच बारिश हुई है। बारिश के मामले में जबलपुर संभाग सबसे आगे रहा है। मंडला जिले में सबसे ज्यादा बारिश हुई। यहां 60.6 इंच से ज्यादा पानी गिर गया। सिवनी में 56.8 इंच पानी गिरा। श्योपुर, निवाड़ी और राजगढ़ में 52 इंच से अधिक बारिश हुई है। सबसे ज्यादा बारिश वाले टॉप-10 जिलों में भोपाल, सागर, अलीराजपुर, डिंडौरी और छिंदवाड़ा जिले शामिल हैं।

### सभी डैम-तालाबों में अच्छा पानी

इस मानसूनी सीजन में प्रदेश के करीब ढाई सौ में से 200 डैम फुल हो चुके हैं। बरगी, बाणगंगा, ओंकारेश्वर, इंदिरा सागर, तवा, कलियासोत, केरवा, भदभदा समेत कई डैम ऐसे हैं, जिनके गेट सीजन में 6 से 10 बार या इससे अधिक खुल चुके हैं।

# माता शारदा के दरबार में पहुंचे पांच लाख श्रद्धालु



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना ,(एजेंसी)। त्रिकूट पर्वत पर विराजित माता शारदा के दर्शन के लिए देश भर से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। नवरात्रि के चार दिनों में अब तक लगभग 5 लाख भक्तों ने मैहर पहुंचकर माता शारदा के दरबार मे हाजिरी लगाई है। रविवार को मैहर की प्रभारी मंत्री राधा सिंह और प्रदेश के वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने भी मातारानी के चरणों में मत्था टेका।**

मैहर की प्रभारी मंत्री राधा सिंह ने अपने प्रवास के दौरान माता शारदा के दरबार मे हाजिरी लगाई। उन्होंने माता रानी का दर्शन पूजन कर कृपा प्राप्ति की कामना की। रविवार को ही प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार भी मैहर पहुंचे और उन्होंने भी माता के दरबार मे उपस्थिति दर्ज कराते हुए मत्था टेका।

### चौथे दिन दोपहर तक पहुंचे डेढ़ लाख भक्त

शारदीय नवरात्रि के चार दिनों में अब तक लगभग 5 लाख श्रद्धालु मातारानी के चरणों मे अपनी आस्था समर्पित कर चुके हैं। छुट्टी के दिन रविवार को दोपहर तक लगभग डेढ़ लाख भक्तों ने माता शारदा के दर्शन किए। पहले दिन भी लगभग डेढ़ लाख भक्तों ने मंदिर पहुंच कर मत्था टेका था। श्रद्धालु मंदिर तक सीढ़ियों और रोप वे के अलावा मंदिर समिति की तरफ से चलाई जाने वाली वैन के माध्यम से भी पहुंच रहे हैं। सर्वाधिक भक्त सीढ़ियों के जरिए पर्वत शिखर पर विराजित देवी शारदा के दर्शन करने जा रहे हैं। मेले और श्रद्धालुओं की सुविधा-सुरक्षा के लिहाज से पुलिसिया और प्रशासनिक तौर पर यहां व्यापक प्रबन्ध किए गए हैं। कलेक्टर, एसपी, एडीएम, एडिशनल एसपी, एसडीएम और सीएसपी लगातार व्यवस्था का निरीक्षण कर जायजा ले रहे हैं। इसके अलावा तमाम प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

# सुसाइड के 84 दिन बाद भी आरोपी ताऊ-ताई फरार

## सुसाइड के लिए उकसाने का आरोप; बेटे को न्याय दिलाने पिता अधिकारियों के चक्कर काट रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**विदिशा ,(निप्र)। अनिकेत के पिता राजेश दांगी का आरोप है कि वे अपने बेटे की मौत के जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस के चक्कर काट रहे हैं। इतना ही नहीं वह कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से भी न्याय की गुहार लगा चुके हैं। कोतवाली पुलिस अब तक आरोपियों को पकड़ने में नाकाम रही है। वहीं रिश्तेदार राजीनामा करने और शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहें है।**

तारीख 14 जुलाई 2024 विदिशा का रहने वाला 19 वर्षीय अनिकेत दांगी परिवार में चल रहे जमीनी विवाद के चलते मेडिकल कॉलेज के पीछे सल्फास की गोली खाकर आत्महत्या कर लेता है। खुदकुशी करने से पहले अनिकेत एक वीडियो बनाता है जिसमें वह अपनी मौत का जिम्मेदार अपने ताऊ और परिवार के अन्य सदस्यों को ठहराता है। अनिकेत के मोबाइल से एक नोट भी बरामद होता है।

घटना को बीते 84 दिन हो चुके हैं यानी लगभग 3 महीने पूरे होने को हैं पर अब तक केस में कोई भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पिता अपने इकलौते बेटे की मौत के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा है। आरोपी अब भी फरार हैं। पीड़ित परिवार कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से भी न्याय की गुहार लगा चुका है। पुलिस अधिकारी पिछले ढाई महीने से आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कह रहे हैं। अब उन्होंने आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने के निर्देश दिए हैं।

दरअसल, मामला विदिशा के ग्यारसपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले क्वेटा गांव का है। यहां रहने वाले राजेश दांगी की तीन लड़कियां और एक इकलौता लड़का था। अनिकेत हंसमुख मिलनसार स्वभाव का था। घर की स्थिति सही नहीं होने के कारण दसवीं तक पढ़ाई करने के बाद खेती-बाड़ी देखने लगा था।

### पुलिस ने रिश्तेदारों के घर दबिश दी फिर भी कोई सुराग नहीं

14 जुलाई को अनिकेत ने विदिशा मेडिकल कॉलेज के पीछे सल्फास खा ली थी, इसके बाद उसने अपना एक वीडियो रिकॉर्ड किया और सुसाइड नोट लिखा। अनिकेत ने अपने परिजनों को फोन करके सल्फास खाने की बात बताई। परिजनों ने अनिकेत के दोस्तों को फोन लगाकर पूरी बात बताई, जब अनिकेत का दोस्त मौके पर पहुंचा तो अनिकेत की हालत खराब हो चुकी थी उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां हालत ज्यादा गंभीर होने पर उसे भोपाल रेफर कर दिया गया। जहां पर रात में अनिकेत ने दम तोड़ दिया। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम करके मामला जांच में लिया था। पुलिस ने गांव पर तलाश की थी इसके साथ ही बासौदा, विदिशा और रायसेन जिले के खजुरिया गांव में उनके रिश्तेदारों के घर दबिश दी थी पर उनका कोई सुराग नहीं लगा।

### मारपीट के बाद आत्महत्या का कदम उठाया

अनिकेत के पिता राजेश दांगी ने बताया कि वह तीन भाई हैं, उनके बड़े भाई ने मोहन गिरी में स्थित घर में उनके हिस्से पर और 10 बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया था, इसके बाद बड़े भाई नंदलाल, सोनू, रानू और उनकी मम्मी ने अनिकेत के साथ मारपीट की थी जिसके कारण अनिकेत ने आत्महत्या कर ली।

अनिकेत के पिता राजेश दांगी का आरोप है कि वे अपने बेटे की मौत के जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस के चक्कर काट रहे हैं। इतना ही नहीं वह कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से भी न्याय की गुहार लगा चुके हैं। कोतवाली पुलिस अब तक आरोपियों को पकड़ने में नाकाम रही है। वहीं रिश्तेदार राजीनामा करने और शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहें है।

### अनिकेत ने सुसाइड नोट में क्या लिखा था?

मैं अपने घर से बहुत परेशान हो चुका हूं और मेरे मौत के जिम्मेदार सिर्फ मेरे बड़े पापा-मम्मी और सुनील दांगी है। इन्होंने पहले हमारी 10 बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया और अब मेरे हिस्से के घर में भी कब्जा कर लिया है। मैंने उनसे इस बारे में पूछा तो बोलने लगे कि हमारा है, फिर मैंने बोला मैं एफआईआर कर रहा हूं तो बोलने लगे, कर दो कोई कुछ नहीं कर पाएगा मैंने रानू को फोन लगाया और उससे बोला कि पापा को समझा लो, तो वह मुझसे बोलता है तुम जानो और वो जानें, हमें तो हमारा हिस्सा मिल चुका है। अब वह उनका हिस्सा है। मेरी आप लोगों से हाथ जोड़कर विनती है इन लोगों को जेल करवाना, इन लोगों ने एक मां से जबरन बेटे को छुड़वाया है। मेरी मौत का कारण सिर्फ यही लोग हैं नंदलाल फूलाबाई सुनील और रानू।

### आरोपियों की प्रॉपर्टी कुर्क करने के निर्देश

मामले में एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि आरोपियों की जो प्रॉपर्टी है उसे कुर्क करने की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आरोपियों के संबंधित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# संपादकीय

## नक्सल पर नकेल

छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में नक्सली विद्रोहियों के खिलाफ लंबे समय से सुरक्षा बलों का अभियान जारी है, मगर थोड़े-थोड़े अंतराल पर घात लगा कर हमला करने और उसमें जवानों की मौत की घटनाएं होती रहती हैं। हालांकि इस बीच सुरक्षा बलों ने काफी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया है या फिर उन्हें कानून के शिकंजे में लिया है। शुक्रवार को सुरक्षा बलों के संयुक्त दल को एक अहम कामयाबी तब मिली जब उसने अबूझमाड़ के थुलथुली गांव के जंगल में हुई मुठभेड़ में 30 से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया। हालांकि इससे पहले नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी थी, जिसके बाद उनके खिलाफ जवाबी कार्रवाई की गई। इस घटना में एक खास पहलू यह भी है कि मुठभेड़ में सभी जवान सुरक्षित रहे। इसके बाद घटनास्थल पर एके-47 और एसएलआर राइफलों सहित भारी मात्रा में घातक हथियारों का जखीरा बरामद किया गया। इससे पहले अप्रैल में हुई एक मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए थे। पिछले कुछ महीने में सुरक्षा बलों ने बड़ी संख्या में माओवादी हमलों को नाकाम कर दिया और कई नक्सलियों को मार गिराया। अबूझमाड़ के जंगलों में ताजा मुठभेड़ में एक पहलू यह भी है कि घटनास्थल से घातक हथियार बरामद किए गए। हालांकि माओवादी समूहों के पास इतने बड़े पैमाने पर घातक हथियारों का होना कोई हैरानी की बात नहीं है, लेकिन सवाल है कि जब छत्तीसगढ़ में जंगली इलाके के बाहर निगरानी और सुरक्षा का घेरा सख्त है, तब माओवादी समूहों के पास इतनी बड़ी तादाद में घातक हथियार कैसे पहुंच जाते हैं! जो हो, सुरक्षा बलों की विशेष टुकड़ियों ने नक्सली हमलों का सफलता से सामना किया है और उन्हें कमजोर करने के प्रयास जारी है। मगर यह ध्यान रखने की जरूरत है कि नक्सलवाद की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए इन समूहों के हिंसक हमलों का सामना करने के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी जनकल्याण के लिए नीतिगत और जमीनी स्तर पर ठोस पहल करने की जरूरत है, ताकि ऐसे संगठनों को अभाव से जूझती आबादी के बीच पांव जमाने से दूर किया जा सके।

### अर्ज़ किया है..!

*यूँ तुझे देख के*
*चौंक उठती हैं सोई यादें*
*जैसे सन्नाटे में*
*आवाज़ लगा दे कोई*

*- नज़ीर क़ैसर*

### OSHO कहिन


**कभी किसी चीज से मत भागो, उसे पूरी ईमानदारी से करो। फिर एक बिंदु आएगा, शिखर जहां और कुछ नहीं किया जा सकता।**



### सैर सपाटा

# नवरात्रि में वैष्णो देवी के दर्शन करने जा रहें हैं तो इन बातों का रखें खास ख्याल

## सफर हो जाएगा आसान





**माता वैष्णो देवी मंदिर तक की यात्रा को देश के सबसे पवित्र और कठिन तीर्थ यात्राओं में से एक माना जाता है। देवी का दरबार जम्मू-कश्मीर स्थित त्रिकूट पर्वत पर एक गुफा में है जहां तक पहुंचने के लिए 13 किलोमीटर की मुश्किल चढ़ाई करनी पड़ती है। माता वैष्णो देवी मंदिर को लेकर भक्तों के मन में अलग ही आस्था है। यही वजह है कि यहां पर सालभर भक्तों की भीड़ लगी रहती है। नवरात्रि के दिनों में लोग वैष्णो देवी यात्रा पर जरूर जाते हैं। ऐसे में चढ़ाई करने वालों को कुछ बातों को ध्यान में रखना चाहिए। ताकी यात्रा के दौरान कोई परेशानी न हो।**

### वैष्णों देवी यात्रा के दौरान किन बातों का रखें ख्याल

1) वैसे तो पहले के मुताबिक अब चढ़ाई को काफी आसान कर दिया गया है। हालांकि, यात्रा को पूरा करने में कितना वक्त लगेगा यह वहां के मौसम, भीड़ और आपकी स्पीड पर निर्भर करता है। ऐसे में हैवी कपड़ों को पहनने से बचें।

2) देवी के दर्शन करने के लिए आपको काफी लंबी चढ़ाई करनी पड़ती है ऐसे में सही फुटवियर का चुनाव करना बहुत जरूरी है। महिलाएं खासकर हील्स की सैंडल या फिर जूतों को पहनने से बचें। कम्फर्टेबल फुट वियर पहनना सबसे अच्छा है।

3) कुछ यात्री अपने साथ बैग में खूब सारा खाने पीने का सामान लेकर जाते हैं। लेकिन आप ये न करें क्योंकि आपको पूरी चढ़ाई में इस बैग को उठाना है अगर ये भारी होगा तो आप जल्दी थक जाएंगे। बैग में सिर्फ जरूरत का ही सामान रखें। बाकी खाने-पीने की चीजें आपको पहाड़ पर आसानी से मिल जाएंगी।

4) अगर आप सर्दियों के दौरान यात्रा कर रहे हैं, तो खुद को गर्म रखने के लिए ग्लव्स, स्कार्फ और ऊनी कपड़े साथ लेकर जाएं। हालांकि बहुत ज्यादा कपड़े भी आपको परेशान कर सकते हैं क्योंकि चढ़ाई करते समय आपक गर्मी लग सकती है।

5) बच्चों के साथ जा रहे हैं तो स्ट्रॉलर जरूर लें। ये सामान रखने के लिए भी आपको वहां पर आसानी से मिल जाएगा।

6) अगर आप किसी तरह की दवाई खाते हैं तो उन्हें साथ में रखें। अगर नहीं भी खाते हैं तो कॉमन दवाइयों को अपने साथ जरूर रखें।

Uttarpradesh

# पटरी न देख ड्राइवर ने रोकी ट्रेन, बालू के ढेर से ढंक गया था ट्रैक, रायबरेली में टला बड़ा रेल हादसा

**रायबरेली, (एजेंसी) रायबरेली में रविवार रात लोको पायलट की सूझबूझ से बड़ा ट्रेन हादसा टल गया. जानकारी के मुताबिक रेलवे ट्रैक पर पड़े बालू के ढेर को देखकर लोको पायलट ने पैसेंजर ट्रेन रोक दी. बताया जाता है कि सड़क निर्माण के लिए ले जाए जा रहे बालू लदे ट्रक से बालू गिरने के कारण रेलवे ट्रैक पूरी तरह ढंक गया था. पूरा मामला रघुराज सिंह रेलवे स्टेशन के पास का बताया जा रहा है. यहां से रायबरेली रघुराज सिंह पैसेंजर ट्रेन गुजर रही थी.**



पुलिस ने बताया कि रविवार को रघुराज सिंह स्टेशन के पास लोको पायलट ने रेल की पटरियों पर बालू का ढेर देखा. जिसके बाद उसने एक ट्रेन को कुछ देर के लिए रोक दिया. एसएचओ देवेंद्र भदौरिया ने बताया कि बालू को ट्रैक से हटा दिया गया और मार्ग पर रेल यातायात फिर से शुरू कर दिया गया. भदौरिया ने कहा कि रेलवे ट्रैक पर बालू का एक छोटा सा ढेर डाल दिया गया था, जिसके कारण रायबरेली से आने वाली शटल ट्रेन को रोक दिया गया.

मामले में स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में सड़क निर्माण का काम चल रहा है, जिसमें रात में डंपरों का इस्तेमाल किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि रविवार शाम को बालू ढोने वाले एक डंपर चालक ने बालू को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया और भाग गया. अगर लोको पायलट की नजर समय पर नहीं पड़ती तो बड़ा हादसा हो सकता था.

Tamil Nadu

## 16 लाख लोगों की भीड़, भीषण गर्मी और ट्रैफिक जाम...

### चेन्नई एयर शो के दौरान सिस्टम की लापरवाही साबित हुई जानलेवा



**चेन्नई, (एजेंसी)** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया. भारतीय वायुसेना की 92वीं वर्षगांठ के मौके पर चेन्नई में एक एयरशो का आयोजन किया गया था. इस दौरान गर्मी और डिहाइड्रेशन के चलते तीन लोगों की मौत हो गई और 230 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा. बीजेपी नेता अन्नामलाई ने इसे लेकर डीएमके सरकार पर निशाना साधा है.

बताया जा रहा है कि यातायात अधिकारियों के खराब कॉर्डिनेशन के कारण चेन्नई में लाखों लोग फंस गए. शहर के कई हिस्सों में इसी तरह की घटनाएं सामने आईं, जहां लोग घंटों तक जाम में फंसे रहे. उधर, मरीना बीच (जहां एयर शो हुआ) पर एकत्रित भारी भीड़ को कार्यक्रम के बाद तितर-बितर होने में भी काफी संघर्ष करना पड़ा.

इंडियन एयरफोर्स की 92वीं वर्षगांठ का जश्न मनाने के लिए आयोजित विशालकाय एयरशो के बाद खराब कोऑर्डिनेशन के कारण लाखों लोग वहां फंस गए. ट्रैफिक पुलिस और अन्य अधिकारियों के खराब कोऑर्डिनेशन के कारण एयर शो के बाद शहर के कई हिस्सों में भयानक जाम लग गया और लाखों लोग जहां थे वहीं फंस गए और कहीं भी जाने में असमर्थ हो गए.

Uttarpradesh

## अयोध्या की रामलीला: टूटे पुराने रिकॉर्ड, 41 करोड़ लोगों ने ऑनलाइन देखी रामलीला, 40 देशों में हो रहा प्रसारण

**अयोध्या, (एजेंसी)** श्रीराम प्रेक्षागृह में फिल्मी कलाकार श्रीराम की गाथा को अपनी अदाकारी से जीवंत करने में जुटे हैं। फिल्मी रामलीला देश-विदेश के रामभक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रही है। रामलीला का दूरदर्शन के साथ ऑनलाइन प्लेटफार्म पर लाइव प्रसारण किया जा रहा है, इसे दर्शकों का खूब प्यार भी मिल रहा है। आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। तीन दिनों में ही ऑनलाइन प्लेटफार्म पर 41 करोड़ दर्शकों ने रामलीला देखी और रिकॉर्ड बना दिया। दुनिया के 40 देशों में 26 भाषाओं में इसका प्रसारण हो रहा है।

फिल्मी रामलीला समिति के अध्यक्ष सुभाष मलिक ने बताया कि अयोध्या में फिल्मी कलाकारों की रामलीला 2020 में शुरू हुई थी। ऑनलाइन प्लेटफार्म पर हर साल दर्शकों की संख्या बढ़ती गई। पिछले साल 40 करोड़ लोगों ने ऑनलाइन रामलीला देखकर रिकॉर्ड बनाया था। इस वर्ष तीन दिनों में ही पिछले साल का रिकॉर्ड टूट गया। उम्मीद है कि इस बार यह आंकड़ा 50 करोड़ के पार पहुंच जाएगा। बताया कि दूरदर्शन पर अब तक 22 करोड़, यू ट्यूब पर 17 करोड़ व अन्य प्लेटफार्म पर दो करोड़ लोगों ने रामलीला देखी है।

New Delhi

# केजरीवाल के एक और सांसद पर पड़ गया ED का छापा

### भड़क उठी AAP

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा के घर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम छापेमारी करने पहुंची है। पंजाब से राज्यसभा सांसद अरोड़ा के गुरुग्राम और अन्य ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। रेड को लेकर आम आदमी पार्टी भड़ उठी। दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा कि आज फिर केंद्र सरकार ने अपने तोता मैना को खुला छोड़ दिया है। एक अधिकारी ने बताया कि 61 वर्षीय सांसद के गुरुग्राम स्थित घर पर एक मनी लॉन्ड्रिंग केस के छापेमारी की गई है। यह एक जमीन धोखाधड़ी से जुड़ा मामला है। संजीव अरोड़ा के अलावा पंजाब में कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई है। मनीष सिसोदिया ने एक्स पर लिखा, 'आज सुबह से आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद संजीव अरोड़ा जी के घर ED वाले रेड कर रहे हैं। पिछले दो सालों में इन्होंने अरविंद केजरीवाल के घर रेड कर लिया, मेरे घर रेड कर दिया, संजय सिंह के घर रेड दिया, सत्येंद्र जैन के घर रेड कर दिया। कहीं भी कुछ भी नहीं मिला। लेकिन पूरी शिद्दत से केंद्र सरकार की एजेंसियां लगी हुई है एक के बाद एक फर्जी केस बनाने में।' सिसोदिया ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी को तोड़ने के लिए यह लोग किसी भी हद तक जाएंगे। लेकिन कोशिश कितनी भी कर ले, आम आदमी पार्टी वाले ना रुकेंगे, ना बिकेंगे, ना डरेंगे।

खेल

# टीम इंडिया ने की पाकिस्तान के इस विशाल विश्व रिकॉर्ड की बराबरी, 42वीं बार विपक्षी टीम के उड़ाए परखच्चे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** T20 World Cup 2024 चैंपियन बनने के बाद टीम इंडिया पहली बार अपनी सरजमीं पर टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट मैच खेलने उतरी। इस मैच में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को चारों खाने चित कर दिया। बांग्लादेश की टीम ने जैसे-तैसे 127 रन बनाए और टीम इंडिया ने 128 रनों के लक्ष्य को 12वें ओवर की पांचवीं गेंद पर ही हासिल कर दिया। बांग्लादेश की पूरी टीम एक बार फिर ऑलआउट हो गई और इस तरह टीम इंडिया ने पाकिस्तान के एक बड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर तहलका मचा दिया।



दरअसल, भारतीय टीम अब संयुक्त तौर पर टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में विपक्षी टीम को ऑलआउट करने के मामले में पहले स्थान पर पहुंच गई है। टीम इंडिया ने 42 बार सामने वाली टीम को T20I क्रिकेट में ढेर किया है। पाकिस्तान की टीम भी इतनी ही बार अपनी विपक्षी टीमों को ऑलआउट करने में सफल रही है। लिस्ट में तीसरा नाम न्यूजीलैंड का है, जिसने 40 बार अपने सामने वाली टीम के सभी 10 विकेट लेने का काम किया है। चौथे पायदान पर युगांडा जैसी टीम है, जिसने 35 बार ये कारनामा किया है और वेस्टइंडीज की टीम 32 मौकों पर अपनी विपक्षी टीमों को परखच्चे उड़ा चुकी है।

टीम इंडिया ने एक और रिकॉर्ड अपने लिए बनाया। भारत ने पहली बार 100 से ज्यादा का लक्ष्य सबसे ज्यादा गेंद शेष रहते हुए हासिल किया। भारत ने 128 रनों के लक्ष्य को 49 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया, जो इस मामले में टीम इंडिया की सबसे बड़ी जीत थी। इसके अलावा जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत ने 100 रनों के लक्ष्य को 41 गेंद शेष रहते हासिल किया था। अफगानिस्तान के खिलाफ टीम 30 गेंद शेष रहते 112 रनों का टारगेट चेज कर चुकी है, जबकि 112 रनों का लक्ष्य 30 गेंद शेष रहते टीम इंडिया जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत दर्ज करने में सफल रही है।

टीम इंडिया ने ग्वालियर के न्यू माधव राव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में बांग्लादेश को 19.5 ओवर में 127 रन पर ढेर कर दिया था। अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट चटकाए थे, जबकि इतने ही विकेट वरुण चक्रवर्ती को भी मिले। एक-एक सफलता हार्दिक पांड्या, मयंक यादव और वॉशिंगटन सुंदर को मिली। वहीं, जब टीम इंडिया 128 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने तेज शुरुआत दिलाई। अभिषेक शर्मा 7 गेंदों में 16 रन बनाकर रन आउट हो गए, लेकिन सूर्यकुमार यादव ने ताबड़तोड़ 29 रन, हार्दिक पांड्या ने 16 गेंदों में 39 रन और संजू सैमसन ने 19 गेंदों में 29 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

सिनेमा

## शिल्पा शिरोडकर ने बताया क्यों बनीं बिग बॉस 18 का हिस्सा, बोलीं- लोग मुझसे मिलने को भी तैयार नहीं थे



शिल्पा शिरोडकर लंबे वक्त बाद दर्शकों को एंटरटेन करने जा रही हैं। वह बिग बॉस 18 का हिस्सा हैं। शिल्पा ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि बिग बॉस में आने से पहले वह काम की तलाश में थीं। लोग उन्हें काम के लिए न कह रहे थे, यहां तक कि मिलने के लिए भी तैयार नहीं थे। शिल्पा ने बताया कि वह बिग बॉस में इसलिए आई क्योंकि इस शो की बड़ी फैन हैं। शिल्पा शिरोडकर लेट 80 और 90 की दशक में कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं। किशन-कन्हैया, बेवफा सनम, गोपी किशन, खुदा गवाह, आंखें उनकी ऐसी ही कुछ फिल्में हैं। शादी के बाद शिल्पा ने फिल्मी दुनिया को बाय बोल दिया। अब उनकी बेटी 20 साल की हो चुकी है तो वह बिग बॉस 18 का हिस्सा बनी हैं। शिल्पा ने बिग बॉस हाउस में जाने से पहले इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में बताया कि वह शो में क्यों आईं। शिल्पा बोलीं, ईमानदारी से कहूं तो मैं शो की बहुत बड़ी फैन हूं। जब भी मैं शो देखती तो मेरी बेटी बोलती कि मुझे जाना चाहिए। शिल्पा आगे बताती हैं, 'घर के लोग बहुत खुश हैं कि मैं अंदर जा रही हू। मैं काम की तलाश में थी। बेटी 20 साल की हो गई है। पति काम के सिलसिले में ट्रैवल करते रहते हैं।

## Highlights

1. **Kolkata Police SI allegedly molests woman civic volunteer in police station**
2. **Failure of Stalin's govt: BJP's Annamalai as 5 killed in Chennai during IAF show**
3. **You don't need to come to Bengaluru to build a startup: Deepinder Goyal**
4. **Liquor, meat banned within Maha Kumbh 2025 periphery: UP CM Yogi**
5. **'Walking in Bengaluru an extreme sport,' says techie; shows broken footpaths**

# Why Singapore and Hong Kong want money to serve a purpose

**NEW DEIHI, (Agency).** Late last month, Hong Kong began a second round of pilot programs for e-HKD, a much-awaited electronic version of the island's banknotes. The monetary authority also tweaked the name of the project to e-HKD , a timely acknowledgement that when it comes to giving the city's residents a new payment option, a central bank digital currency, or CBDC, isn't the only worthwhile goal. Bank deposits could be tokenized, too. That's also the direction that Singapore, which decided in 2021 to sit out the global craze for retail CBDCs, has taken with its Project Orchid. The rival Asian financial centers' experiments with programmable deposits on the blockchain may help set a global trend. From rewarding environment-friendly spending and channeling government grants to deserving



beneficiaries, money will do more than just grease commerce. CBDCs work like paperless ATMs. Once you decide the withdrawal amount, the e-wallet on your smartphone gives you spending power that is no longer the liability of the institution where you keep your savings, but that of the central bank. If CBDCs become wildly popular, banks could lose a big chunk of customers' funds and may have to curb lending. The solution could be to put caps. Rough calculations by Katrin Assenmacher, the head of stress test modeling at the European Central Bank, and other researchers suggest that a limit close to 3,000 euros per person would be effective in managing excess demand in the euro area.

# What's happening in global stock markets? Japan's Nikkei up, Wall Street gains

**NEW DEIHI, (Agency).** Japan's Nikkei share average surged more than 2% on Monday, supported by a weaker yen and Wall Street's gains on Friday after a stronger-than-expected jobs report suggested the world's largest economy remained resilient.

The Nikkei was up 1.9% at 39,354.63 by the midday break in a widespread rally, after rising by 2.27% earlier in the session, while the broader Topix rose 1.7% to 2,738.93.

U.S. nonfarm payrolls increased by the most in six months in September and the unemployment rate fell to



4.1%, data showed on Friday, boosting global investor sentiment.

The latest jobs report raises the chance of a soft landing, and possibly earlier than expected, said Naka Matsuzawa, chief macro strategist at Nomura Securities.

"If that happens, that's definitely a plus for Japanese stocks, which are quite cyclical and sensitive to the global economic recovery."

The U.S. dollar rallied following the data, sending the yen down to its lowest levels since mid-August. This buoyed shares of automaker Toyota Motor, which rose 1.9%, and shares of other exporters.

Investor sentiment was also boosted after the Dow posted a record closing high on Friday and the Nasdaq ended with a more than 1% gain.

श्रीहरि
www.shreehari.org

"ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक मार्गदर्शन"
"एक सलाहकार-एक शुभचिंतक"

www.babapandit.com

...हो सकता है मेरी एक सलाह आपकी समस्या/पीड़ा के समाधान में सहायक सिद्ध हो...

Pls visit and submit your query*
www.babapandit.com
🙏 "बाबापण्डित" 🙏
अनुष्ठानकर्ता-हरिकथा प्रेमी
www.babapandit.com

Pls Call for Appointment
7869526724 / 9303183100

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक